an>

Title: Need to reduce the cost of Hindi language SMS.

श्री पी.पी.चौधरी (पाली) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में हिन्दी भाषियों के एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ।

आज मोबाइल क्रांति का युग है। हम एक-दूसरे के पास एसएमएस, व्हाट्स ऐप आदि के द्वारा संदेश भेजते हैं। ग्रामीण इलाकों में सबसे ज्यादा एसएमएस का उपयोग किया जाता है। गांवों में इंटरनेट नहीं के बराबर है। मौसम विभाग भी किसानों को हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में मैसेज भेजता है। लेकिन देखा जाए, तो इंग्लिश के मैसेजेज की कीमत कम होती है और हिन्दी के मैसेजेज के लिए कैरेक्टर अधिक काम में आने के कारण अधिक कीमत चुकानी पड़ती है। यदि इंग्लिश में मैसेज आता है तो किसानों को दूसरों के पास जाकर पढ़वाना पड़ता है। मैसेज में हिन्दी भाषा को बढ़ावा देने के लिए और हिन्दी में लिखे गये मैसेजेज की कीमत कम करने के लिए, सदन के माध्यम से माननीय संचार मंत्री जी से मेरा निवेदन है कि हिन्दी के मैसेजेज की कीमत आधी की जाए ताकि हिन्दी भाषा को बढ़ावा मिले और ग्रामीण इलाकों में खासकर किसानों को, जिनके पास मौसम विभाग द्वारा सूचनाएँ भेजी जाती हैं, इससे फायदा मिल सके।

HON. DEPUTY SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra,

Shri Gajendra Singh Shekhawat and

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri P.P. Chaudhary.